## निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएँ,
## बिहार पटना।
## आदेश

**सं0 सं०–4बी / लिपिक–02–26 / 2026** पटना, दिनांक–

जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला अनुकम्पा समिति, पटना का ज्ञापाक–3415 / स्था0, दिनाक–27.11 2025 के द्वारा दिनाक–27 11.2025 को आयोजित जिला अनुकम्पा समिति के बैठक मे लिये गये निर्णय के आधार पर सिविल सर्जन, पटना का पत्राक–1310, दिनाक–24.01.2026 के द्वारा प्राप्त अनुशसा के आधार पर वर्ग–3 (तृतीय वर्ग) समूह–"ग" (निम्नवर्गीय लिपिक) के पद पर स्वीकृत वेतनमान् 5,200–20,200, ग्रेड पे–1,900 / –, लेवल–2 के साथ–साथ सरकार द्वारा समय–समय पर देय अन्य भत्तो क साथ अस्थायी एव औपबंधिक रूप से निम्नाकित शर्त्तो के साथ अनुशसित अभ्यर्थी को उनके नाम के सामने अकित स्वास्थ्य सस्थान में तृतीय वर्ग समूह–"ग" (निम्नवर्गीय लिपिक) के रिक्त पद पर पदस्थापित किया जाता है:–

| क्रम स0 | अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त कर्मी का नाम एवं पता | मृतक सरकारी सेवक का नाम जिनके आश्रित पुत्र को नियुक्त किया गया है | पदनाम एव वेतनमान | पदस्थापित सस्थान का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री ब्रजेश नदन, पिता–श्री सत्येद्र प्रसाद ग्राम / मुहल्ला–रसलपुर, वार्ड स0–09, पो0–जगाई, थाना– औंगारी, प्रखण्ड–एकगरसराय, जिला–नालदा, पिन–801301 | स्व0 चन्द्रमणी कुमारी, भूतपूर्व ए0एन0एम0, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फतुहा, पटना। | समूह–"ग" (वर्ग–3) (निम्नवर्गीय लिपिक) Pay Matrix Level-2 ग्रेड पे–1,900 / – वेतनमान–5200–20200 | क्षेत्रीय अपर निदेशक कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना |

सबधित कर्मी को निदेशित है कि पत्र प्राप्ति के 15 (पन्द्रह) दिनो के अंदर नव पदस्थापित सस्थान मे योगदान देना सुनिश्चित करे।

(1) यह नियुक्ति आवेदक के द्वारा समर्पित शपथ–पत्र एव सत्यापन प्रपत्र मे अंकित सूचनाओ को प्रथम दृष्टया सही मानकर एव पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन अनुकूल प्राप्त होने की प्रत्याशा में की जा रही है। सत्यापन के क्रम मे प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उनकी सेवा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी। पूर्ववृत सत्यापन प्रतिवेदन प्राप्त करने / चरित्र सत्यापन कराने की जिम्मेवारी क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाये, पटना प्रमण्डल, पटना की होगी तथा पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन (PVR) से विभाग को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

(2) नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिक की परीक्ष्यमान अवधि दो वर्षो की होगी।

(3) यह नियुक्ति आवेदक के द्वारा समर्पित शपथ–पत्र के आधार पर उनके शैक्षणिक एव अन्य संगत प्रमाण पत्रो को सही मानकर इस शर्त के साथ की जा रही है कि भविष्य में शैक्षणिक प्रमाण पत्रो एव अन्य संगत प्रमाण पत्रों के गलत अथवा नियम विरूद्ध पाये जाने की स्थिति मे इनकी सेवा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी एवं उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

(4) क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, पटना प्रमण्डल, पटना की यह जवाबदेही होगी कि नवपदस्थापित निम्नवर्गीय लिपिक से उनके शैक्षणिक व अन्य सगत प्रमाण पत्रो की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति प्राप्त करेंगे तथा मूल प्रमाण पत्रो से मिलान कर सतुष्ट हो लेंगे। साथ ही उनके सभी शैक्षणिक एव अन्य सगत प्रमाण पत्रो का सधारण करेंगे तथा उक्त प्रमाण पत्रो का जॉच एव सत्यापन कराकर विभाग को तीन माह के अन्दर निश्चित रूप से अवगत करायेंगे।

(5) बिहार पेशन (सशोधन) नियमावली–2005 द्वारा प्रतिवादित वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प स0–1964, दिनाक–31.08.2005 एवं 768, दिनाक–03.07.2007 के अनुसार प्राप्त निदेश के आलोक में अभ्यर्थी पर नई अशदायी पेशन योजना से आच्छादित होगे।

(6) नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिक को पदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

(7) योगदान के समय नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिक को असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(8) क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाये, पटना प्रमण्डल, पटना द्वारा विभाग से नियुक्ति आदेश संपुष्टि कराने के पश्चात् वेतनादि का भुगतान योगदान की तिथि से किया जायेगा।

(9) नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिक का प्रथम वेतनादि भुगतान उनके शैक्षणिक एवं अन्य सगत प्रमाण पत्रों, पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन आदि के अंतिम जॉच प्रतिवेदन के फलाफल के आधार पर किया जायेगा। कोई प्रमाण पत्र गलत पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

(10) नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिक सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक एव प्रशासनिक सुधार विभाग) द्वारा निर्गत संकल्प सख्या–1919, दिनांक–18.01.1976 के अनुपालन में दहेज न लेने/न देने सबंधी घोषण पत्र योगदान/प्रभार ग्रहण करते समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेगे।

**ह0/–**
**(डॉ0 रेखा झा)**
**निदेशक प्रमुख**
**(रोग नियंत्रण, लोक स्वा0, पारा मेडिकल्स)**
**स्वास्थ्य सेवायें, बिहार पटना**

**ज्ञापांक– 4बी/लिपिक–02–26/2026–** 182 (4B) **/स्वा0, पटना, दिनांक–** 11/02/2026

प्रतिलिपि–अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना–7/ई–गजट कोषाग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव बिहार राजपत्र के आगामी असाधारण अक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–महालेखाकार (ले0 एव ह0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–श्री ब्रजेश नंदन, पिता–श्री सत्येद्र प्रसाद ग्राम/मुहल्ला–रसलपुर, वार्ड स0–09, पो0–जगाई, थाना–औगारी, प्रखण्ड–एकंगरसराय, जिला–नालदा, पिन–801301 को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–कोषागार पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाये, पटना प्रमण्डल, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–सिविल सर्जन, पटना को उनके पत्राक–1310, दिनाक–24.01.2026 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला अनुकम्पा समिति, पटना को उनके ज्ञापाक–3415/स्था0, दिनांक–27.11.2025 के क्रम मे सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक प्रमुख**
**(रोग नियंत्रण, लोक स्वा0, पारा मेडिकल्स)**
**स्वास्थ्य सेवायें, बिहार पटना**